>

Title: Need to frame sugar export policy taking into account the interests of stakeholders.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा): देश में गन्ने का उत्पादन हो रहा है, देश में चीनी मिलों के माध्यम से लोगों को अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला हुआ है एवं चीनी मिलों के माध्यम से चीनी के अलावा जो पदार्थ निकल रहे हैं उनसे पेट्रोलियम पदार्थ एवं उर्जा संबंधी तत्वों एवं अन्य वस्तुओं का उत्पादन भी हो रहा है एवं काफी बड़ी सीमा तक इनका उत्पादन हो सकता है। जेसा कि सरकार द्वारा चीनी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए चीनी के निर्यात नीति की घोÂाणा करती है उसमें काफी कमियां होती हैं जिनके कारण चीनी उद्योग एवं गन्ना उत्पादित करने वाले किसानों के वाकस कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चीनी निर्यात का जो लक्ष्य रखा जाता है इसके लिए जो स्वीकृति दी जाती है उसमें मानीटरिंग का कोई कार्य नहीं होता है इस साल निर्यात हेतु कितनी अनुमति मिली है और कितना निर्यात किया गया है इसका कोई अता पता नहीं है।

सरकार से अनुरोध है कि चीनी संबंधी निर्यात नीति को देश के हीत में, चीनी मिलों के हित में एवं किसानों के हित में बनाया जाये और इस पर निगरानी कार्य को भी सख्ती से किया जाये।